॥ ॐ श्री सद्गुरु देवाय नमः॥ ॥ ओ३म् ॥ ॥ जय माता दी ॥ ॥ उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
॥ श्री सीताराम ॥ जय बाबा की ॥ श्याम बाबा ॥ ॥ मनोजवं मारुततुल्य वेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

जय श्री राम
संकट कटै मिटै सब पीड़ा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा
आप सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 193 | पृष्ठ 8 + 4 | रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) | मंगलवार | 23 अप्रैल 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह: मोदी



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहुलूहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में हनुमान से लेकर मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2011 में कांग्रेस ने एससी-एसटी को मिला अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास किया। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, बाबा साहब अंबेडकर की परवाह नहीं की। जब कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बनी तो पहला काम किया कि धार्मिक आधार पर आरक्षण खत्म कर दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करते और वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को आरक्षण देना चाहते थे। संविधान इसके खिलाफ है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस यह एलान करेगी कि इस संविधान में दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को कम करके मुसलमानों को नहीं बांटेगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण का घोर विरोध हुआ था। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 2004 में जैसे ही केंद्र में कांग्रेंस की सरकार बनी, उसमें सबसे पहला काम आंध्र में एससी-एसटी रिजर्वेशन में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया गया। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम रिजर्वेशन लागू करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता के कारण यह लागू नहीं कर पाई। मैंने देश के सामने सच रखा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनके खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रच रही है। मैंने कांग्रेस की इस तुष्टिकरण की साजिश का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे (शेष पृष्ठ सात पर)

## सूरत सीट पर निर्विरोध चुनाव के खिलाफ कांग्रेस ने उठाया सवाल

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। सूरत लोकसभा सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत विवादों में है। कांग्रेस ने अब इस मामले में चुनाव आयोग में शिकायत की है। कांग्रेस का आरोप है कि अनुचित प्रभाव के जरिए मुकेश दलाल को विजेता घोषित किया गया। कांग्रेस की मांग है कि इस सीट पर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। पार्टी ने दावा किया है कि दरअसल बीजेपी कारोबारी समुदाय से डर गई थी, जिस वजह से उसने सूरत लोकसभा सीट पर मैच फिक्सिंग की कोशिश की। कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की और मांग की कि सूरत में चुनाव प्रक्रिया दोबारा कराई जाए। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के बाद कहा कि हमने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि सूरत सीट पर चुनाव को स्थगित किया जाए और जल्द से जल्द दोबारा चुनाव कराए जाएं ताकि एक स्पष्ट संदेश जा सके कि आप इस तरह से गलत प्रभाव डालकर लाभ नहीं उठा सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि ये ऐसा मामला नहीं है, जहां मामले पर चुनावी याचिका से फैसला होगा। उन्होंने कहा कि ये कोई ऐसा मामला नहीं है, जहां मामले पर चुनाव याचिका के जरिए फैसला होगा। सिंघवी ने कहा कि सूरत में चार प्रस्तावकों (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कूल बस खाई में गिरी, दो बच्चे घायल



पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। बेरीनाग के चौकोड़ी में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो बच्चे घायल हैं जिनका सीएचसी में उपचार किया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह हिमालया इंटर कालेज चौकोड़ी के बच्चे और शिक्षक बस से स्कूल जा रहे थे। रास्ते में गिरे बिजली के तार को हटाने के लिए जब चालक बस को रोककर उतरा तभी बस एकाएक ढलान पर अपने आप चली गयी और खाई में पलटने के बाद चीड़ के पेड़ से टकराकर रुक गई। इस दुर्घटना में 10वीं कक्षा के छात्र लक्षित पंत और 12वीं कक्षा की छात्रा बिनीता बोहरा घायल हो गई। इसके बाद दोनों घायल बच्चों को सीएचसी बेड़ीनाग पहुंचाया गया। जहां पर दोनों का उपचार किया जा रहा है।

## ज्यादा ब्याज का लालच देकर 25 लाख हड़पे

### लोगों के पांच करोड़ ठगने का लगाया आरोप

रूद्रपुर। बैंक में जमा धन पर ज्यादा ब्याज देने के नाम पर एक व्यक्ति ने खाता धारक से 25 लाख रूपये हड़प लिए। मामले की जानकारी काशीपुर कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। भगवान दास पुत्र बाबूराम, निवासी मौहल्ला औझान, थाना काशीपुर का कहना है कि कुछ समय पूर्व उसकी जान पहचान ग्राम देवीपुरा, मुरादाबाद निवासी व्यक्ति से हुयी। उसने बताया कि उसकी खुद की बैंकिंग कम्पनी है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त हैं। केन्द्र सरकार से बैंक को विशेष छूट प्राप्त है, जिस कारण वह अपने बैंक में जमा रकम पर दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज देता है, और यदि जिस महीने ब्याज नहीं लोगे, तो ब्याज मूल धन में जुड़कर रकम बढ़ जायेगी, यानि चकवर्ती व्याज भी मिलेगा। भगवान का कहना है कि उसकी बातों पर विश्वास कर उसने पच्चीस लाख रूपये उसे दिये। उसके बाद उस व्यक्ति ने इसी योजना में विजय सिंह, सुरेन्द्र कुमार विनय चौहान, विनय कुमार, शिवम यादव, अरविन्द कुमार, गणेश, श्रीमति कृष्णा, तनुज चौहान, चन्द्रप्रकाश, प्रेम यादव, रवि कुमार, प्रेम कुमार सेभी लाखों रूपये ले लिये और सबको झाँसा देकर 12.02.2024 से चम्पत हो गया। वह ना फोन उठा रहा है, और ना ही कोई जवाब दे रहा है। इसके द्वारा दिये गये चैक भी अनादृित हो गये है। भगवान ने तहरीर में कहा है कि यह व्यक्ति भोले भाले लोगों को धोखा देकर पाँच करोड़ रूपये से अधिक ठग चुका है। 22 अप्रैल को दिन में जब वह व्यक्ति उसे मिला, तो उससे दिया पैसा वापस करने को कहा तो वह आग बबूला हो गया और कहने लगा अगर ज्यादा पैसे मांगोगे तो नामी बदमाश भेजकर तुम्हारी लाश भोजपुर में टंगवा दूंगा। भगवान दास ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## बुजुर्ग महिला हुई लूट का शिकार

हल्द्वानी। एक उच्चके ने 90 वर्ष की बुजुर्ग महिला को डराधमकर झुमके लूट लिए। परिजनों की ओर से मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।लोहरियासाल मल्ला में रहने वाले तनुज नैनवाल पुत्र रमेश चंद्र नैनवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी 90 वर्षीय बुआ बसंती देवी ऊंचा पुल से कठघरिया सांई मंदिर की ओर किसी रिश्तेदार के यहां जा रही थी। फतेहपुर से पहले उनकी बुआ को कोई उच्चका सुनसान (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेड़ पर लटका शव मिलने से सनसनी

### मृतक का नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पंसौली वनक्षेत्र के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का पेड़ पर फांसी से लटका शव पाए जाने पर लोगों में सनसनी फैल गई। ग्रामीण की सूचना के बाद काठगोदाम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतार कर अपने कब्जे की लिया और आस पास का बारीकी से निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त के लिए शव मोर्चरी में रखा हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि गत दिवस रानीबाग निवासी ग्रामीण युवक को पंसौली वनक्षेत्र के जंगल में पेड़ से फांसी पर लटका शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने काठगोदाम थाना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रस्सी से पेड़ पर लटके शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा साथ ही मौके का बारीकी से निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 45 बर्ष बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया में शव एक दो दिन पुराना मालूम होता है। युवक हाफ टीशर्ट और खाकी पेंट पहने हुए है। उन्होंने बताया कि अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर शव की शिनाख्त कराई जा रही है। इस दौरान पुलिस टीम में कास्टेबल गोविन्द आर्य, महेश बृजवाल मौजूद रहे।

## दुकान से हजारों की नगदी उड़ाई




खटीमा (उद संवाददाता)।शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी की दुकान पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों की नगदी और कागजात चोरी कर लिये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात रेलवे स्टेशन रोड स्थित रामजी डाबर की दुकान महेन्द्र आयरन स्टोर का ताताला तोड़कर चोरों ने लगभग 8000 की नगदी एवं दुकान के कागजात चोरी कर लिए। चोरों ने रात करीब 2 बजे वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना की जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## पालिकाध्यक्ष की सीट को लेकर लगने लगा चुनावी गणित

### सामान्य से अधिक ओबीसी सीट के संकेत

सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर पालिका चुनाव जून माह में होने की संभावना है। चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही संभावित सीट को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई है। इस बार सितारगंज नगर पालिकाध्यक्ष की सीट सामान्य से अधिक ओबीसी होने के संकेत मिल रहे हैं। जिस वजह से सभी दलों के ओबीसी, सामान्य सीट के संभावित उम्मीदवारों ने गणित भिड़ाना शुरू कर दिया है। नगर पालिका चुनाव में इस बार पिछड़ा वर्ग और सामान्य सीट की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इन दोनों में से ओबीसी सीट होने के अधिक संकेत मिल रहे हैं। जिस वजह से विभिन्न दलों के सामान्य और ओबीसी के संभावित उम्मीदवारों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं। चार जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद जून माह में ही नगर पालिका का चुनाव होने की प्रबल संभावना है। पालिका अध्यक्ष की सीट अगर ओबीसी घोषित होती है तब भाजपा से निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, सुखदेव सिंह, कांग्रेस से सरताज अहमद, जिलानी अंसारी, निर्दलीय अनवार अहमद का नाम सामने आ रहा है। जबकि सीट अगर सामान्य हुई तब भाजपा से संजय गोयल, राकेश गुप्ता, महेश मित्तल, कांग्रेस से हरीश दुबे के नाम की चर्चाएं चल रही है। हालांकि पालिकाध्यक्ष की सीट किस श्रेणी की होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन ओबीसी, सामान्य सीट की संभावना को लेकर भाजपा, कांग्रेस के इन संभावित उम्मीदवारों ने सक्रियता बढ़ाकर अभी से गणित भिड़ाना शुरू कर दिया है। (शेष पृष्ठ सात पर)









समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
सुशील गावा
भाजपा नेता, रूद्रपुर


श्री बालाजी मार्केट लालपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
मंजीत सलूजा
बाबा भक्त
ममता सलूजा
बाबा भक्त
सुरेन्द्र पाल सलूजा
बाबा भक्त
वरूण बांगा
बाबा भक्त


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
संकटहरण श्री बालाजी दरबार रुद्रपुर सम्पर्क: 9412981982
महन्त श्री रमेश वशिष्ठ


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनायें
ललित मिगलानी
पूर्व पार्षद, आवास विकास, रुद्रपुर


पवन तनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप।
राम लखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप।।
परम रामभक्त महावीर हनुमान जी
के जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
जय श्री राम
जय श्री राम
वैभव ग्रोवर
डायरेक्टर
कशिश खेड़ा
डायरेक्टर
SASHAKT
आशियाना
Rudrapur, Udham Singh Nagar, Uttarakhand

# महानाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम महतोष की संजय नगर कॉलोनी में सार्वजनिक श्री श्री महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान आयोजक कमेटी द्वारा कीर्तन मंडली अनेक स्थानों से बुलाये गए एवं सुमधुर कंठ में क्षेत्रवासियों को महानाम सुनाया गया। भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोविंद मंदिर प्रांगण आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजक कमेटी ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है।श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ठाकुर विश्वास, नेपाल विश्वास, हर्षित विश्वास ,विश्वजीत विश्वास ,गगन ग्रोवर, ललित बिष्ट,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# देशभक्ति की भावना ही विकसित भारत का आधार: राज्यपाल





देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल टेक्नो फेस्ट एंड हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव 'नवधारा' का शुभारंभ किया। इस नेशनल टेक्नो फेस्ट में विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों द्वारा प्रदर्शित वर्किंग मॉडल्स की जानकारी लेते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों के नवाचार प्रयोगों की सराहना की। विकसित भारत-2047 पर आधारित विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित 'नवधारा' में देशभर के छात्र वर्किंग मॉडल्स बनाकर अपनी वैज्ञानिक कुशलता का प्रदर्शन कर रहे हैं। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी की क्षमता, कल्पनाशीलता और देशभक्ति की भावना ही विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि टेक्नो फेस्ट 'नवधारा' में छात्रों का उत्साह, तकनीकी और अन्वेषण का बेजोड़ मेल है और यही प्रयास विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय महत्व के लिए बेहतरीन उच्च शिक्षा का निर्माण एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जिसमें शिक्षा प्रणाली को प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से जोड़ने पर बल दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने युवाओं को प्रौद्योगिकी, एआई के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने सृजनात्मक और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि हम अपने देश की प्रगति के लिए इस नई तकनीक और नई सोच को अपनाएं और अपने देश को विश्व गुरु बनाएं। राज्यपाल ने छात्रों को तकनीकी, ए.आई के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया, और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने नवाचार व शोध के माध्यम से समाज में पीछे रहे लोगों के जीवन में बदलाव लाएं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी और यूसर्क, देहरादून की निदेशक डॉ. अनीता रावत भी उपस्थित रहीं। अतुल कोठारी ने कहा कि विकसित भारत बनने का ये अमृतकाल है, जिसमें प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को तेजी से अपनाना होगा। 'नवधारा' का आयोजन इसी कड़ी में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, नवधारा में पैनल डिस्कशन के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छात्र अपनी वैज्ञानिक कुशलता का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, विभिन्न उद्योग भी प्रदर्शनी आयोजित कर रहे हैं। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. डॉ. प्रीति कोठियाल ने राज्यपाल सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि जिस प्रकार 'नवधारा' में छात्रों का उत्साह देखने को मिल रहा है उससे विकसित भारत-2047 का सपना पूर्ण होता दिख रहा है। नेशनल टेक्नो फेस्ट में देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी सहित देशभर की लगभग 100 से अधिक टीमें वर्किंग मॉडल्स प्रदर्शित कर रही हैं, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप पांच लाख रुपये की इनामी धनराशि प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संजय बंसल और उपकुलाधिपति श्री अमन बंसल, उपकुलपति डॉ. आरके त्रिपाठी, डीएए डॉ. संदीप शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ. एके जायसवाल सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर श्रद्धा के साथ हुआ हनुमान जी का चोला श्रृंगार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में बाबा भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ श्री बालाजी महाराज, श्री पंचमुखी हनुमान, भैरव जी महाराज, श्री प्रेतराज महाराज का भक्ति भाव के साथ चोला श्रृंगार किया। मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र पाल शर्मा ने पूजा अर्चना आरती की और बालाजी का छीटा लगाया लगाकर सभी को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान बाबा भक्त गगन बाधवा ने बताया कि



हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में रात्रि 8:30 बजे से श्री बालाजी महाराज का गुणगान किया जाएगा एवं हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। चोला श्रृंगार में गुलशन नारंग,ज्ञान प्रकाश दुबे,सर्वेश कुमार मौर्य, कमलदीप सोनकर, अशोक राजपूत, शिवांश अग्रवाल, लाला पूनम चंद्र अग्रवाल, अजय फुटेला, मनोज अरोड़ा, मनीष भारद्वाज, अक्षय नारंग, गगन वाधवा आदि शामिल रहे।



# विजेताओं को गेहूं का वितरण 25 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नगर प्रतिष्ठित उद्योंगपति व समाजसेवी जसविन्दर सिंह खरबंदा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान समिति के साथ चलाये गये जागरूकता अभियान के विजेताओं को आगामी 25 अप्रैल को गेहूं देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री खरबंदा द्वारा इस अभियान में 10 विजेताओं को 5-5 कुंतल व 22 विजेताओं को 1-1 कुंतल गेहूं देने के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान समिति के द्वारा अभियान चलाया था जिसमें मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के बाद निशान लगी अंगुली की फोटो आवेदन के साथ इंटरनेट के माध्यम से भेजनी थी। उन्होंने बताया कि इसमें करीब 250 लोगों ने अपनी मतदान स्याही लगी अंगुली की फोटो भेजी। जिसमें जिन 10 विजेताओं को 5-5 कुंतल गेहूं का विजेता चुना गया है उनमें नोती खान, संजय कुमार सिंह, राजू गुप्ता, प्रीति, सीएम जोशी, रक्षित अरोरा, पूजा, सुमित दुआ, नानक मेहता व कौसर अली शामिल हैं। जबकि उप विजेता जिन्हें एक एक कुंतल गेहूं उपहार स्वरूप दिया जायेगा उनमें चन्द्रपाल कोली, विनोद शर्मा, सुरेन्द्र सिंह चिलवाल, आशा, पूजा मनीष सिंह, रमन कक्कड़, हरविन्दर सिंह चुघ, जसवंत सिंह, भुवन जोशी, पुष्पा ग्रोवर, ललित पाण्डेय, प्रमोद भूरा, हर्ष रावल, हरीश ठुकराल, ममता दानू, मदन प्रसाद, वेद छावड़ा, देवेश कुमार, अजमेर सिंह, डीएन जायसवाल, किशन कोली व प्रदीप राय शामिल हैं। श्री खरबंदा ने बताया कि सभी विजेताओं को आगामी 25 अप्रैल दिन गुरूवार को प्रात: 11 बजे से गौतम अस्पताल के पीछे होण्डा परिसर, बिगवाड़ा में गेहूं प्रदान किया जायेगा। विजेता स्वयं या अपने प्रतिनिधि को पहचान पत्र सहित भेजकर गेहूं प्राप्त कर सकते हैं।

# अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

हल्द्वानी। मोहल्ले में आए दिन अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी से शिकायत की गई है। फतेहपुर निवासी अनीस अहमद पुत्र लईक अहमद ने शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 16 फरवरी को उसके घर के बाहर तीन लोग दरवाजे की घंटी बजाकर शोर मचा रहे थे। जब वह घर से बाहर आई तो उक्त लोग अभद्रता पर उतर आए और उसका मोबाइल छीन लिया। किसी तरह से उसने उक्त लोगों से अपना मोबाइल फोन वापस लिया। आरोप है कि उक्त लोग मोहल्ले में रहने वाले दूसरे लोगों को भी परेशान करते रहते हैं। इसकी शिकायत उसने मुखानी थाने में भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने दाऊ, सूरज व एक अन्य निवासी मल्ला फतेहपुर मुखानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# युवक ने लावारिस घूम रहे बालक को थाने में पहुंचाया

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक बालक को रोते हुए देख वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एक युवक उसे थाने लेकर पहुंचा। बालक अपना नाम रोहित बता रहा है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर को विवेक नगर निवासी एक युवक 5 वर्ष का बालक को लेकर थाने पहुंचा। बताया कि बालक कालोनी में रो रहा था। उसे रोता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। बालक को लेकर कालोनी में उसके मां बाप को तलाशते रहे। बाद में बालक को उक्त युवक थाने में लेकर पहुंचा। थाने के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि परिजनों की तलाश की जा रही है।

# अवैध गैस रिफिलिंग करते आरोपी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति को गैस की रिफिलिंग करते हुए गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलैक्ट्रानिक कांटा आदि बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने नैनीताल रोड में सौरभ होटल के पास एक व्यक्ति को टैंपो में गैस रिफिलिंग करते हुए धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम भरत पुत्र छोटे लाल निवासी वैलेजलली लॉज बताया। पकड़ा गया आरोपी टैंपो वाहनों में अपने घर से ही गैस की अवैध रूप से रिफिलिंग करता है। आरोपी के खिलाफ घरेलू गैस सिलेण्डर से अवैध रुप से रिफलिंग, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जंगल की आग से जला मकान

भीमताल । ओखलकांडा ब्लॉक के हरीशताल गांव में सोमवार को जंगल की आग आबादी क्षेत्र के एक मकान तक पहुंच गई। इससे मकान में आग लग गई और घर का सामान राख हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित महिला को मुआवजा देने की मांग की है। ग्राम सभा की आशा भट्ट ने बताया कि सोमवार को जंगल की आग से गांव की महिला लीला देवी पत्नी दिनी राम भट्ट का मकान को नुकसान पहुंचा है। लीला देवी अपने पति के मुत्यु के कागजात बनाने हल्द्वानी गईं थीं। सामाजिक कार्यकर्ता ललित भट्ट, पूरन भट्ट, डूंगर ढोलगाई, ईश्वर मटियाली ने प्रशासन से महिला को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंदिर श्री त्रिपुरेशरी शक्ति पीठ रूपनगर के तत्वाधान में कलयुग के साक्षात भगवान श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस पर बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया और द्वितीय दिवस दो दिन बालाजी महाराज के नाम कुछ साक्षात करते हुए। गत दिवस श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। जिसमें ध्वज पूजन मंदिर व्यवस्थापक पूरन चंद पाठक, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में बाहर के आए हुए कलाकारोंद्वारा विभिन्न प्रकार की झाँकियां प्रस्तुत की गईं। जिसमें सर्वप्रथम श्री बालाजी महाराज जी का ध्वज, उसके बाद मोटरसाइकिलों पर भक्तजन फिर भगवान श्री गणेश जी अपने रथ पर सवार ,भगवान श्री राम जी श्री हनुमान जी की वानर सेना के साथ, कोमल ग्रुप द्वारा मां सवारी की भव्य झांकी और बांके बिहारी की मनमोहन झांकी, फिर जगत जननी माता के पांच स्वरूपों के दर्शन, उसके बैंड बाजा के साथ बालाजी महाराज का भव्य दरबार शामिल था। इस कार्यक्रम में हजारों संख्या में भक्तों ने सम्मिलित होकर श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया। आज श्री बालाजी महाराज का प्रात: 5 बजे श्रृंगार, प्रात: 8 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात विशाल भंडारा आयोजित हुआ। शाम 7 बजे से विशाल बालाजी महाराज का जागरण उसके पश्चात मेहंदीपुर से आए हुए श्री बालाजी महाराज के जल के छींटे सभी भक्तों को दिए जाएंगे। कार्यक्रम में पूरनचंद पाठक, अपूर्व जोशी, अतुल कुमार गुप्ता, दीपचंद तिवारी, खेमानंद बृजवासी, दर्शन लाल अरोड़ा, संजीव अग्रवाल, गजेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार अग्रवाल, प्रतीक चढ़ाना, प्रखर शर्मा, बंटी गुप्ता, गोपाल भट्ट, कन्हैया लाल सिंधी, लाल बाबू यादव, संतोष नेगी, जीवन सिंह नेगी, राधेश्याम, पप्पू, शिवांश सती, प्रमोद बिष्ट, मनीष जोशी, हर्षित सनवाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम वंदना ने किया सड़कों का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोक निर्माण विभाग द्वारा तिकोनिया से रेलवे स्टेशन तक 1.1 किलोमीटर सड़क मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका जिलाधिकारी वंदना ने देर रात निरीक्षण किया गया। डीएम ने ई ई लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क मार्ग की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सड़क की लेबलिंग ठीक प्रकार से की जाए ताकि कहीं पानी इकट्ठा न हो तथा जल निकासी के लिए ड्रेनेज भी तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। तदोपरांत जिलाधिकारी ने जिला विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए 1.25 किलोमीटर ठंडी सड़क मार्ग



का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सचिव जिला विकास प्राधिकरण को ठंडी सड़क के किनारे पार्किंग विकसित करने के लिए कहा और इस पार्किंग के साथ लगते हुए पार्कों का सौंदर्यीकरण का कार्य ठीक प्रकार से किया जाए ताकि ठंडी सड़क को सुव्यवस्थित रूप में विकसित किया जा सके। इसके लिए बिजली के पोल को भी व्यवस्थित रूप से लगवाने की प्लानिंग की जाए। इसके साथ ही ड्रेनेज की भी उचित व्यवस्था की जाए ताकि जल भराव न हो। इस उनके साथ सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, एसई लोक निर्माण विभाग आदि उपस्थित रहे।

# भैंस से टकराकर बाईक सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर

सितारगंज। सिडकुल मार्ग पर भैंस से टकराकर बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। इसी दौरान घायल दंपती को बचाने की कोशिश में सामने से आ रही कार पलट गई जिसमें कार सवार छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक ने बाद में दम तोड़ दिया जबकि उसकी पत्नी और कार सवार बाल आयोग की सदस्य सुमन राय व पांच अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। रविवार शाम सिडकुल मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढौराडाम निवासी संदीप सिंह (30) पुत्र कुलवंत सिंह पत्नी सीमा के साथ विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। सिडकुल मार्ग




पर उनकी बाइक भैंस से बाइक टकरा गई। हादसे में संदीप और सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान सामने से आ रही कार चालक ने दोनों घायलों को बचाने की कोशिश की लेकिन वह कार से संतुलन खो बैठा और कार पलट गई जिससे उसमें सवार छह लोग घायल हो गए। घायल संदीप सिंह को निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया था। देर रात संदीप ने दम तोड़ दिया जबकि सीमा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को संदीप सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया है कि संदीप परिवार में इकलौता पुत्र था और उसकी एक साल पहले सीमा से शादी हुई थी। वह परचून की दुकान चलाता था। कार में सवार बाल आयोग की सदस्य सुमन राय निवासी सितारगंज, वंदना चौहान निवासी सिसौना, प्रेम चंद्र गुप्ता, आकाश चौबे, बसंत जोशी निवासी सुप्रिया कॉलोनी और कार चालक राजेश राणा निवासी नकुलिया को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है।

# तेंदुए के हमले से दो लोग घायल

काशीपुर। तेंदुए के हमले से किशोर समेत दो लोग घायल हो गए। एक घायल का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी है। ग्राम शिव नगर ढकिया नंबर एक के एक खेत में मशीन से गेहूं कटाई का काम चल रहा था। इस दौरान लोगों ने वहां तेंदुआ देखा। शोर मचाने पर तेंदुआ एक खेत में छिप गया।



तेंदुए घुसने से कटाई कार्य बंद हो ग
हरिनगर निवासी 16 वर्षीय विनीत पर
ने खेत की तरफ आ रहे सूरजपाल पु
सूरजपाल खेत की मेड़ पर जा गिरा। ते
तो उसने बचाव के लिए अपना बायां हाथ आगे कर दिया, जिसे तेंदुए ने चबा दिया। परिजनों ने लहूलुहान सूरजपाल को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसका इलाज कर छुट्टी कर दी है।

# पुणे से टनकपुर के लिए मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन शुरू

देहरादून। उत्तराखंड के मानसखंड मंदिरों के लिए पुणे से मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सोमवार से शुरू हो गई है। इस ट्रेन में 280 यात्री मानसखंड यात्रा पर आ रहे हैं। ट्रेन 24 अप्रैल को उत्तराखंड के टनकपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के मुताबिक, इस ट्रेन में 280 यात्री टनकपुर रेलवे स्टेशन पर उतरेंगे। यहां उनका स्वागत पारंपरिक भारतीय तरीके से आरती, टीका लगाकर पुष्प वर्षा से किया जाएगा। 11 दिन और 10 रात की यात्रा में यात्री नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा, चौकोरी, पूर्णागिरी मंदिर, हाट कालिका मंदिर, सूर्य मंदिर कटारमल, कैंची धाम, चितई गोलू देवता, जागेश्वर धाम, शारदा घाट, पाताल भुवनेश्वर



मंदिर, नानकमत्ता गुरुद्वारा चंपावत आदि विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे। ट्रेन का सफर 3एसी है, जहां पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने के लिए एक कूपे में केवल चार बर्थ बुक की गई हैं। ट्रेन के बाहर उत्तराखंड की समृद्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और आध्यात्मिक विरासत प्रदर्शित की गई है। पैंट्री कार कोच पर उत्तराखंडी व्यंजनों को दर्शाया गया है। दूसरे कोच पर राज्य के विभिन्न परिधान पहने हुए लोग हैं। डिब्बों पर विभिन्न मंदिरों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को भी दर्शाया गया है। ट्रेन में एक वातानुकूलित पैंट्री कार है, जो यात्रा के दौरान पर्यटकों को उत्तराखंडी व्यंजन परोसेगी। टनकपुर में उतरने के बाद यात्रियों को कई गंतव्यों तक ले जाया जाएगा, जहां वे होटल, होम स्टे में रुकेंगे। पिछले दिनों पर्यटन विकास परिषद ने रेलवे के साथ इस संबंध में एमओयू साइन किया था, जिसके तहत रेलवे ने प्रति यात्री इस यात्रा के लिए 28 हजार 20 रुपये का पैकेज दिया है। पर्यटन विकास परिषद के मुताबिक, मानसखंड मंदिर माला की अगली यात्रा पुणे से ही 22 मई को प्रस्तावित है। इसके लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है। यात्रा के लिए वेबसाइट www-irctctourism-com@ bharat gaurav पर बुकिंग करा सकते हैं।

# गोनिया व मेहरा को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी हेमंत गोनिया तथा पर्यावरण प्रेमी भूपेंद्र मेहरा को उनके सामाजिक कार्यो को देखते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के शुभ अवसर पर एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2024 देकर सम्मानित किया गया। शहर के कई लोगों ने समाजसेवी हेमंत गोनिया तथा भूपेंद्र मेहरा को सम्मान मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। जिनमें इंजीनियर दिनेश सिंह, गीता पांडे, कविता बिष्ट, मंजू जोशी, सुनीता त्रिपाठी, नीलम पांडे, प्रताप बिष्ट, अजय गुप्ता, मनीष पाल, मनोज अग्रवाल, विजय गुप्ता, आशीष शर्मा, दीपक शर्मा, वीरेंद्र सिंह, टीटू शर्मा, गोपाल रावत, हीरा सिंह सांभा, अनिल संभल, महेश संभल आदि शामिल है।

# पहाड़ में मोर दिखने से मचा कौहतुल

बागेश्वर (उद संवाददाता)। आम तौर पर मैदानी क्षेत्रों में मोर दिखते हैं, पर अचानक पहाड़ी क्षेत्र में मोर दिखने से लोगों को अजीब सा लग रहा है, वही कई ग्रामीणों ने पहली बार मोर को नजदीक से देखा, काफलिगैर तहसील के करालागांव के पास सोमवार सुबह अचानक एक मोर को घूमते हुए देख लोग भौचक्के रह गए। आमतौर पहाड़ी क्षेत्र में अब तक मोर की आवाजाही नही देखी गई है।पर गांव में अचानक मोर दिखने से लोगों में मोर देखना आकर्षण का केंद्र बना रहा, अचानक



मोर दिखने के बाद ग्रामीणों ने इसे अपने कैमरों में कैद कर लिया।वही लोग मोर के क्षेत्र में पहुँचने को लेकर चर्चाएं करने लगे। जबकि मोर मैदानी क्षेत्रों में ही देखे जाते है,मोर पहाड़ के क्षेत्र में दिखने से किवदंतियों द्वारा इसे पर्यावरण चक्र के लिए अनूठा बताया जा रहा है।पर लोग चर्चा कर इस तरह पहाड़ी क्षेत्र में अचानक मोर कैसे पहुँच गया, अचानक मोर दिखने से इसे पर्यावरण चक्र के बदलते स्वरूप का प्रतीक समझ रहे हैं।ऐसे में अब अचानक मोर दिखने के बाद वन विभाग की टीम भी अब मोर के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई है, वनक्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने बताया कि करालागांव में मोर के दिखने की सूचना मिली है, मोर की क्षेत्र में मौजूदगी को देखने के लिए कैमरे लगाकर उसकी गतिविधियों को देखा जाएगा, साथ ही विशेषज्ञों से राय लेकर उसे संरक्षित किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने किया स्ट्रांग रुम का निरीक्षण

पिथौरागढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए सम्पन्न हुई मतदान प्रक्रिया के पश्चात स्टड मशीनों की सुरक्षा हेतु एल0एस0एम0 पी0जी0 कॉलेज पिथौरागढ़ में स्ट्रांग रुम बनाया गया है। स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व्यक्ति के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध है तथा स्ट्रांग रुम के आस-पास क्षेत्र की सी0सी0टी0वी0 कैमरों के माध्यम से 24 घण्टे निगरानी की जा रही है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु



इनर कार्डन में अर्धसैनिक बल तथा आउटर कार्डन में पीएसी व आर्म्ड पुलिस बल के साथ समुचित संख्या में स्थानीय नागरिक पुलिस बल को भी नियुक्त किया गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, श्रीमती रेखा यादव एवं पुलिस उपाधीक्षक पिथौरागढ़, श्री परवेज अली द्वारा स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ईवीएम सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# ग्रामीणों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।सुचेतना समाज सेवा संस्था की ओर से प्रतापपुर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं बच्चों और किशोरियों को एकत्र करके पृथ्वी दिवस की जानकारी दी गयी। सभी को बताया गया कि हमें अपनी पृथ्वी को कैसे स्वच्छ रखना है हमें पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना है। आसपास साफ सफाई रखनी है अधिक पेड़ पौधे लगाने हैं । नदी, नहर, तालाबों को दूषित ना करें। ग्रामीणों को धरती को बचाने का संदेश दिया गया। जिसमें समूह सक्रिय महिला रेखा, सुपरवाइजर सपना द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। सहयोगी एनिमेटर दीपाली ने भी अपना सहयोग दिया। सुचेतना संस्था के डायरेक्टर फादर डायरेक्ट ने बताया कि पृथ्वी बचाओ पर सभी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर रवि किशन, आलोक, हिमांशु, प्रियांशु आदि शामिल रहे।




श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
शिव अरोरा
विधायक रुद्रपुर
नरेश ग्रोवर
राकेश ग्रोवर 'बिट्टू'
ललित ग्रोवर
वैभव ग्रोवर
तरुण ग्रोवर
हर्षित ग्रोवर
रिंकू ग्रोवर
नोनी ग्रोवर
आशु ग्रोवर
अमित आनन्द


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
यशपाल अरोरा
एडवोकेट
उज्जवल अरोरा
बाबा भक्त
आर्य समाज गली, रुद्रपुर


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
सुरेश मित्तल
बाबा भक्त
दीपक मित्तल
बाबा भक्त
राहुल मित्तल
बाबा भक्त
मै. राधा कृष्ण सुरेश कुमार
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) मो. 9760043361


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
नंदनी पाण्डे
बाबा भक्त
पुलकित पाण्डे
बाबा भक्त
सुनील पाण्डे
बाबा भक्त
न्यू कुमांऊ स्वीट्स
मेन बाजार गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
विजय ग्रोवर
सीमा ग्रोवर
पार्थ ग्रोवर
माही ड्रेस कलेक्शन
पुखराज कालोनी निकट आर.ए.एन. स्कूल भूरारानी, रुद्रपुर
मो. 9045900590, 8272045100


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
राकेश मलिक
बाबा भक्त
केतन मलिक
बाबा भक्त
गणेश स्वीट्स
गुरुद्वारा रोड मेन चौराहा, नानकमत्ता


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
लक्ष्मी नारायण अग्रवाल
बाबा भक्त
राजेश अग्रवाल
बाबा भक्त
रविन्द्र अग्रवाल
बाबा भक्त
राजेश आयरन स्टोर



श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
राजकुमार ज्वैलर्स
राजकुमार वर्मा
शीशगढ़ मो. 9411266954


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
CA INDIA
CA Sahil Huria
Mob.: 9582061588
AKSJ & CO.
CHARTERED ACCOUNTANT
102 1st floor suncity plaza Civil lines road,
Rudrapur -263153 (U. S. Nagar) UK
Email casahilhuria@gmail.com


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
प्रेम नारंग
मोहित नारंग
केशव नारंग
श्रीबालाजी ऑटो ट्रेडर्स, रुद्रपुर


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
एस. के. ट्रेडर्स
दाल, चावल एवं बेसन के थोक विक्रेता
खटीमा रोड, सितारगंज मो. 9837275376


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
इंश्योरेन्स एडवाईजर एवं टैक्स कन्सलटेंट
वसुंधरा पार्क फेस - 1, रुद्रपुर
प्रीतम जुनेजा
बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
लवी अरोरा
बाबा भक्त


सोनू कक्कड़
बाबा भक्त 9917215283
बालाजी हार्डवेयर स्टोर, मेन चौराहा दिनेशपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनायें
धीरेन्द्र
मिश्रा
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा
उधमसिंह नगर


जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों को
हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक
जय श्री राम
सीए शिव अरोरा
विधायक, रूद्रपुर विधानसभा


श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रूद्रपुर
महेश बब्बर
अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा
महामंत्री


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
HYUNDAI
BINDAL HYUNDAI
रूद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD


संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों को
हार्दिक शुभकामनायें
जय श्री राम
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री साईं कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
जय श्री राम
KUMAR AUTOWHEELS PVT .LTD.
(A unit of Kumar Group of Industries)
(Full Range Dealer of Mahindra & Mahindra Lt.d)
Kichha Bypass Road, Rudrapur, Distt-U.S. Nagar (Uttarakhand) Mobile:- +91-8191817744, +91-8449101234
Mobile:- Rudrapur +91- 8191899082, Sitarganj-+91- 8193899109, Khatima- +91- 8191899023
Corporate Office.: Compound Kumar Oxygen, Rampur Road, Rudrapur (U.S. Nagar)


संकट मोचन
श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों
को हार्दिक
शुभकामनायें
जय श्री राम
सुरेश गौरी
निवर्तमान पार्षद, नगर निगम
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


संकट कटे मिटे सब पीड़ा
जो सुमिरे हनुमंत बल बीरा
जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की
सभी भक्तों को हार्दिक
शुभकामनायें
मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी, रुद्रपुर
(उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
जय श्री राम
संदीप चीमा
जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर


जय श्री राम
!! संकट कटे मिटे सब पीड़ा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा !!
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
जय श्री राम
मीना शर्मा
अनिल शर्मा


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील यादव
अध्यक्ष दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मन्दिर
गांधी कालोनी एवं जिला महामंत्री भाजपा
ओबीसी मोर्चा,उधमसिंहनगर


श्री हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश सिंह
वरिष्ठ नेता,भारतीय जनता पार्टी, रुद्रपुर


जय श्री राम
विभोर बठला


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
जय श्री राम
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
वंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर,
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों
को हार्दिक शुभकामनायें
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निर्वतमान पार्षद,रुद्रपुर


!! संकट कटे मिटे सब पीड़ा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा !!
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
नेता नहीं सेवक हूं
सदैव आपका था आपका रहूंगा
लक्ष्य विकास का आर्शीवाद आपका
संभावित पार्षद प्रत्याशी
सचिन मुंजाल

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जेल का खाना

ईडी की जांच में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर चर्चा का मुख्य बिंदु यह हो गया है कि वे अपने भोजन में क्या-क्या और क्यों खा रहे हैं! हालत यह है कि अदालत में मुकदमे के समांतर उनके खानपान को लेकर बहस हो रही है। एक ओर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का कहना है कि केजरीवाल जेल में जानबूझ कर ऐसा खाना खा रहे हैं, जिससे उनके शरीर में शर्करा का स्तर बढ़ जाए, और बीमारी के बहाने वे जमानत पर जेल से बाहर निकल आएं। केजरीवाल ने अदालत में ईडी के दावों को खंडन किया कि वे रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाने के लिए आम और मिठाई नहीं खा रहे हैं। इस मसले पर खींचतान का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब सफाई के तौर पर कहा जा रहा है कि केजरीवाल के घर से अड़तालीस बार खाना आया, उसमें केवल तीन बार आम आए थे। बहस का मुद्दा बन रहा है कि मिठाई खाई या नहीं, खाना कितनी बार घर से आया। जाहिर है इस बात का हिसाब रखा, देखा और परखा जा रहा है कि कितनी बार और क्या-क्या खाना आया और उसका शरीर पर क्या असर हो सकता है। कभी जेल की चारदीवारी के भीतर आलू-पूड़ी, तो कभी आम या मिठाई खाना या वजन बढ़ना या फिर चिकित्सक की निर्धारित सूची से अलग भोजन करना मुद्दा बन रहा है। ईडी की यह दलील भी हैरान करती है कि केजरीवाल कुछ खास चीजें खाकर अपने शरीर में किसी ज्यादा बड़ी दिक्कत को न्योता दे रहे हैं, ताकि उन्हें जमानत मिल जाए। गौरतलब है कि केजरीवाल मधुमेह के मरीज हैं और उन्हें रोजाना इंसुलिन लेनी पड़ती है। उनका कहना है कि उन्हें अपने चिकित्सक से परामर्श करने की इजाजत दी जाए। निश्चित रूप से वे जिस पद और कद के व्यक्ति हैं और यों भी उनकी सेहत के लिहाज से चिकित्सीय परामर्श की सुविधा मिलनी चाहिए। मगर एक पहलू यह भी है कि जेल में रहते हुए उन्हें जैसा भोजन मिल रहा है, वैसा किसी अन्य कैदी को शायद ही मिलता हो। बहरहाल, बेहतर हो कि अरविंद केजरीवाल जिस आरोप में सलाखों के पीछे हैं, सुनवाई और बहस का केंद्र वह हो, न कि उनका खानपान मुख्य मुद्दा बने।

# केदारनाथ धाम पहुंचकर मुख्य सचिव ने किया पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण





देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासन को सभी निर्माणाधीन कार्य समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने धाम में पुनर्निर्माण कार्यों में जुटे मजदूरों से बातचीत कर उनका हौसला भी बढ़ाया।उन्होंने मजदूरों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनकी पीठ थपथपाई। सोमवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सुबह करीब 9.30 बजे पर्यटन विभाग के ओएसडी भाष्कर खुल्वे और पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के साथ हेलिकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचीं। धाम पहुंचते ही उन्होंने केदारघाटी और केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने केदारनाथ मंदिर परिसर के सामने बनाए जा रहे भवनों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था व डीएम से जरूरी जानकारी प्राप्त की। साथ ही भवनों का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को केदारनाथ में अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूरा करने को कहा। उन्होंने आस्था पथ, विश्राम गृह, मंदाकिनी व सरस्वती नदी किनारे बन रहे घाट, संग्रहालय, शिव उद्यान और अस्पताल सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने मुख्य सचिव को केदारनाथ में अभी तक हो चुके पुनर्निर्माण कार्यों के बारे में पूरी जानकारी दी। इससे पूर्व हेलीपैड पर सीडीओ डॉ. गणेश सिंह खाती, बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह, एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता मुकेश परमार ने मुख्य सचिव का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष ड्यूटी अधिकारी अरविंद पांडे, ईई विनय झिक्वांण, डीडीएमओ नंदन सिंह रजवार, एई, रजाविंद्र सिंह, मनीष आदि मौजूद थे।

# कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताई

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कहा गया कि 1970 में जब पहली बार वैज्ञानिकों को यह एहसास हुआ कि पृथ्वी पर हो रही तबाही और मनुष्य की बढ़ती जानसंख्या व उपभोगतावाद में एक गहरा संबंध है, तब इस दिन की शुरुआत हुई। जिससे लोगों के भीतर पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता जगाई जाए। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने कहा कि 1970 से लेकर 2024 तक पृथ्वी बहुत बदल गई है, पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की 90 लाख से भी अधिक प्रजातियाँ हैं। और उन सभी प्रजातियों की आबादी में औसतन 68 प्रतिशत की गिरावट आई है। हर प्रजाति की आबादी में इतनी गिरावट, कुल जनसंख्या में कितनी गिरावट होगी! उन 90 लाख प्रजातियों में एक प्रजाति है मनुष्य की। जो अब पूरी तरह से पृथ्वी पर छा चुकी है। उसकी जनसंख्या में 121% की वृद्धि हुई है। 1970 में 3.5 अरब थी, आज 8 अरब के पार पहुँच गई है! उन्होंने कहा कि हमारे अंधे उपभोगतावाद की भूख कुछ ऐसी है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक अमरीकी नागरिक जैसा लाइफस्टाइल जीने लग जाए तो पृथ्वी पर सिर्फ 1.5 अरब लोग रह सकते हैं। या कहें हमें 5-6 पृथ्वी जैसे ग्रह चाहिए होंगे यदि हम मौजूदा जनसंख्या को अमरीकी नागरिक जैसा लाइफस्टाइल देना चाहें तो। हमारी अर्थव्यवस्था सीधी तरह से पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों पर आश्रित है। वही संसाधन जो सीमित हैं, और अब खघ्त्म हो रहे हैं! उपभोगतावाद की हवस के सामने हम भूल ही जाते हैं कि प्रकृति के विस्तार में मानवता की जगह क्या है। मौजूदा वैज्ञानिक शोध की मानें तो: ब्रह्मांड 1400 करोड़ साल पुराना है, पृथ्वी 450 करोड़ साल पुरानी है,मानवता 2 लाख साल पुरानी है, मनुष्य को जंगल से निकले सिर्फ 10,000 साल हुए हैं और उद्योगीकरण मात्र 250 साल पुराना है! अब उस तबाही के बारे में सोचिए जो हम पृथ्वी के वातावरण और अन्य लाखों प्रजातियों के सिर पर ले आए हैं। पृथ्वी पर आज तक पाँच बार महाविनाश हो चुका है। महाविनाश माने सारे जीव-जंतुओं का संपूर्ण नाश। इतिहास में 5 बार पृथ्वी का तापमान बेहिसाब बढ़ा, और ग्रह पर जीवन ही समाप्त हो गया। और अब, छठे महाविनाश की शुरुआत हो चुकी है! और इस छठे महाविनाश का कारण भी वही है जो पहले के कुछ महाविनाशों का था - पृथ्वी के वातावरण में कार्बन- डाई- ऑक्साइड का बढ़ना। इसी साल दुनियाभर के पचास से अधिक देशों में इस महाविनाश की शुरुआत के भयानक लक्षण देखे गए। जहाँ कभी आग नहीं लगती थी, वहाँ जंगल राख हो गए। रेगिस्तानों में बाढ़ आ गई। और भयानक तूफानों में कई गुना तेजी आ गई। उन्होंने कहा कि समय की माँग है कि श्क्लाइमेट चेंजश हर गली-नुक्कड़ की चर्चा का मुद्दा बने। हर जागरूक नागरिक के लिए चिंता का विषय बने। महत्वपूर्ण मुद्दे हम सभी के जीवन में सही स्थान पा सकें उसके लिए आवश्यक है कि मूल्यों का परिवर्तन हो, और एक आंतरिक क्रांति घटित हो। खघ्तरा इतना भयानक है। जो काम न मीडिया कर रहा है, न स्कूल- कॉलेज कर रहे हैं, न सरकारें कर रही हैं, वो काम करने को प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन कर रही है।

# भ्रष्टाचारियों और खनन माफियों का अड्डा बन रही भाजपा : जोशी

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने सोमवार को प्रेस को बयान जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में देश के सारे बड़े भ्रष्टाचारी खनन माफिया भू-माफिया दुराचार के आरोपी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। आज भाजपा उनका अड्डा बन चुकी है। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि हिन्दू धर्म में मंगलसूत्र को नारी के सुहाग का प्रतीक माना जाता है,लेकिन नरेन्द्र मोदी भारतीय नारी के मंगलसूत्र का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता समझ चुकी है कि नरेन्द्र मोदी सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार केंद्रीय सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कहा भ्रष्टाचारी व माफिया भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगाने को आतुर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि पार्टी विद डिफरेंस का मुखौटा ओढ़ने वाली भाजपा की आज की दिशा और दशा देखकर दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की आत्मा भी दुखी होती होगी कि किस भाजपा के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्रीय सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। जिस किसी भी माफिया, भ्रष्टाचारियों के पीछे ईडी व सीबीआइ लगाई आज वे भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगाकर अपने को पाप मुक्त कर रहे हैं और बड़बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी सभाओं में ईमानदारी का शंख बजा रहे हैं।

# उत्तराखंड में तय समय में होंगे नगर निकायों के चुनाव

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट में नगर निकायों के चुनाव कराने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कहा कि नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा। चुनाव समय के भीतर हो जाएंगे। पूर्व में निर्धारित समयावधि छह माह के भीतर नगर निकाय की चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। महाधिवक्ता की ओर से दिए गए इस वक्तव्य के बाद मुख्य न्यायाधीश रितू बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जनहित याचिकाओं को निस्तारित कर दिया। जसपुर निवासी मोहम्मद अनस, नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में निकायों में प्रशासक नियुक्त करने को चुनौती देते हुए शीघ्र निकाय चुनाव कराए जाने की मांग की थी। हाईकोर्ट के आदेश 9 जनवरी 2024 के अनुसार महाधिवक्ता ने कहा था कि चुनाव प्रक्रिया छह माह के भीतर पूरी हो जाएगी और निकायों में नियुक्त प्रशासकों का कार्यकाल उत्तराखंड नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 10 ए (4) के तहत छह माह की अवधि से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा। इन याचिकाओं की 16 अप्रैल को मुख्य न्यायाधीश रितू बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई में महाधिवक्ता ने बताया कि नगर निकायों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है चुनाव समय पर ही होंगे।

# हरिद्वार सीट पर सर्वाधिक 63.53 प्रतिशत हुआ मतदान

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव का मतदान प्रतिशत करीब डेढ़ फीसदी बढ़ गया है। चुनाव आयोग ने इसके ताजा आंकड़े जारी किए हैं। पोलिंग पार्टियों के लौटने और आंकड़ों का मिलान करने के बाद यह जानकारी जारी की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया, 19 अप्रैल तक प्राप्त जानकारी के हिसाब से राज्य में 56.89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, लेकिन यह आंकड़ा परिवर्तनीय था, क्योंकि राज्य में कई पोलिंग पार्टियों को लौटने में भी तीन दिन तक का समय लगता है। उनके आने के बाद सभी आंकड़ों का वेरिफिकेशन किया गया। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हुई है। राज्य में 57.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया, अभी सर्विस मतदाता, मतदान कर्मचारियों के मत, दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के वोट इसमें शामिल नहीं हैं। मतगणना की सुबह आठ बजे तक डाक मतपत्र वापस आने के बाद स्थिति और साफ हो पाएगी। मतदान का यह आंकड़ा 58 प्रतिशत पार कर सकता है। सबसे अधिक मतदाताओं वाली हरिद्वार लोकसभा सीट इस बार मतदान में भी अव्वल साबित हुई है। इस लोकसभा में सर्वाधिक 63.53 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर 62.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। पर्वतीय सीटों में टिहरी पर सर्वाधिक 53.76 प्रतिशत, गढ़वाल में 52.42 प्रतिशत और अल्मोड़ा में सबसे कम 48.82 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया है।

# सीएम ने अंशुल भट्ट से की मुलाकात

देहरादून। सीएम धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2023 में 22वीं रैंक हासिल करने वाले देहरादून निवासी अंशुल भट्ट से मुलाकात की। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा



परीक्षा-2023 में 22वीं रैंक हासिल करने वाले देहरादून निवासी अंशुल भट्ट से भेंट की। इस अवसर पर सीएम धामी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपको बता दें कि अंशुल भट्ट राजधानी देहरादून के रहने वाले हैं। जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2023 में 22वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# असहाय जरूरतमंदों की मदद के लिए बढ़ाये हाथ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। असहाय जरूरत मंद बुजुर्ग विधवा एवं वृद्ध महिलाओं को श्रीमद भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र जी महाराज ने वस्त्र के साथ साथ अन्न एवं जरूरत का सामान प्रदान किया। कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र ने कहा मानव सेवा ही वास्तविक ईश्वर सेवा है ,निराश्रित जरूरत मंद माताओं के सेवा से परम शांति मिलती है । ब्यासाचार्य राम चंद्र जीमहराज श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ से मिले दान को मानव कल्याण में समर्पित करते आ रहे है ।कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र जी ने कहा कि आने वाले अक्षय तृतीया तिथि को उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में निराश्रित जरूरत मंद लोगो को वस्त्र एवं जरूरत की सामाग्री उपलब्ध करवाई जाएंगी।उनका उद्देश्य है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में निराश्रित जरूरत मंद लोगो के लिए अन्नक्षेत्र की व्यवस्था कर सके। श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र जी महाराज समय समय पर ऐसे ही निराश्रित, जरूरत मंद,असहाय लोगो की सेवा करते हुए आ रहे है ।



# पहुंचे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन

भवाली । लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला ने सोमवार को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का दौरा किया। उन्होंने स्कूल के नवीनीकृत भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। साथ ही एलबीए बैठक की। लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ने कहा कि सैनिक स्कूल में कैडेट्स को सर्वोत्तम अधिकारी बनने की शिक्षा दी जाती हैं। उन्होंने कैडेट्स को इन संसाधनों को महत्व देने के साथ शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वीएस डंगवाल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति की फ्लीट रिहर्सल के दौरान टकराई तीन गाड़ियां

देहरादून। राष्ट्रपति दौरे को लेकर चल रही फुल फ्लीट रिहर्सल के दौरान एक कार तीन गाडियों से टकरा गई। हालांकि हादसे में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। सोमवार शाम को न्यू कैंट रोड पर ये हादसा हुआ। इंस्पेक्टर डालनवाला राकेश गुसाईं ने बताया कि दुर्घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को देहरादून आ रही हैं। उनके दौरे से पहले सोमवार शाम को पुलिस ने फुल फ्लीट रिहर्सल किया। फ्लीट ऋषिकेश से राजभवन की ओर जा रही थी। दिलाराम चौक से न्यू कैंट रोड पर जाते वक्त फ्लीट में शामिल पुलिस की गाड़ी का एक्सल टूटने टायर निकल गया। एक्सल टूटने के बाद टायर निकल गया। इससे बेकाबू हुई कार सड़क की गलत दिशा में पहुंच गई और सामने से आ रही तीन कारों से टकरा गई। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को ऋषिकेश पहुंच रही हैं। वीवीआईपी कार्यक्रम में कोई व्यवधान न हो और जनता को भी सहूलियत मिले इसके लिए पुलिस ने यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया है। राष्ट्रपति मंगलवार और बुधवार जिले के दो महत्वपूर्ण संस्थानों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इन दो दिनों में शहर और आसपास के कई इलाकों में भारी वाहन प्रतिबंधित किए गए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने आम जनता से इस दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील भी की है।



# चारों ने ज्वेलरी शॉप में घुसकर आभूषणों पर किया हाथ साफ

देहरादून। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनायें बढ़ रही है। सेलाकुई मुख्य बाजार स्थित एक ज्वेलरी शॉप में चोरों ने सेंधमारी कर दी। दुकान स्वामी की सूचना पर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक दुकान में डिस्प्ले काउंटर में रखे कुछ चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। चोर लॉकर को नहीं तोड़ पाए। जानकारी के अनुसार विकासनगर के एटनबाग निवासी यश पासी की सेलाकुई मुख्य बाजार में भगवानदीन ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। मंगलवार सुबह 6.00 बजे यश अपनी दुकान में पहुंचे। जब उन्होंने दुकान का शटर खोल कर देखा तो अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। दुकान की दीवार पीछे से टूटी हुई थी। दुकान में डिस्प्ले काउंटर में रखें चांदी के आभूषण गायब थे, हालांकि दुकान में जिस लॉकर में सोने के आभूषण रखे थे वह पूरी तरह से सुरक्षित मिला। दुकान संचालक ने चोरी की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर थाना शैंकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



# प्रसिद्ध इतिहासकार यशवंत सिंह कठोच को मिला पद्मश्री अवार्ड

देहरादून। उत्तराखंड के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. यशवंत सिंह कठोच को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने 33 वर्षों तक शिक्षक के रूप में सेवाएं दी हैं। साथ ही इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान दे रहे हैं। डॉ. कठोच पौड़ी जनपद के एकेश्वर विकासखंड स्थित मासों गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने 1974 में आगरा विवि से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्व विषय में विवि में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ष 1978 में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के गढ़वाल हिमालय के पुरातत्व पर शोध ग्रंथ प्रस्तुत किया और विवि ने उन्हें डीफिल की उपाधि से नवाजा। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने 33 साल सेवाएं दीं। वर्ष 1995 में वह प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए। डॉ. कठोच भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में निरंतर शोध कर रहे हैं। वह वर्ष 1973 में स्थापित उत्तराखंड शोध संस्थान के संस्थापक सदस्य हैं। उनकी मध्य हिमालय का पुरातत्व, उत्तराखंड की सैन्य परंपरा, संस्कृति के पद-चिन्ह, मध्य हिमालय की कला: एक वास्तु शास्त्रीय अध्ययन, सिंह-भारती सहित 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जबकि इतिहास तथा संस्कृति पर निबंध और मध्य हिमालय के पुराभिलेख पुस्तकें जल्द प्रकाशित होंगी।



# उत्तराखंड में महंगी होगी बिजली

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली इस सप्ताह से महंगी हो सकती है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग नई विद्युत दरें जारी करने जा रहा, जो एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी। आचार संहिता के बीच चुनाव आयोग ने नियामक आयोग को इसकी अनुमति दे दी है। 27 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए ये दरें जारी होंगी। दरअसल, यूपीसीएल को राज्य की मांग पूरी करने के लिए बिजली खरीद पर 1281 करोड़ ज्यादा देने पड़ रहे हैं। इसकी भरपाई के लिए एक अप्रैल से शुरू हुए वित्तीय वर्ष में यूपीसीएल ने बिजली दरों में 23 से 27 प्रतिशत बढ़ोतरी की सिफारिश की थी। इस बढ़ोतरी को लेकर उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर नियामक आयोग ने प्रदेशभर में जनसुनवाई की। इसके अलावा सभी हितधारकों से भी बातचीत करके सुझाव लिए। यह दरें एक अप्रैल से लागू की जानी थीं, लेकिन इससे पहले ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। 19 अप्रैल को राज्य में लोस चुनाव संपन्न होने के बाद नियामक आयोग ने चुनाव आयोग से नई विद्युत दरें जारी करने को लेकर निर्देश मांगे थे। नियामक आयोग के सचिव नीरज सती ने बताया, चुनाव आयोग ने अनुमति दे दी है। अब वह तैयारी कर रहे हैं। इस सप्ताह के अंत तक नई दरों की घोषणा की जा सकती है, जो एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी।

# होटल के कमरे में पंखे से लटका मिला पर्यटक का शव

ऋषिकेश क्षेत्र के एक होटल में दिल्ली के एक पर्यटक का शव संदिग्ध हालात में पंखे से लटका मिला। होटल कर्मियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को आईएसबीटी स्थित एक होटल के प्रबंधक ने पुलिस को सूचना देकर बताया, नार्थ इस्ट दिल्ली के करावल नगर के हाउस नंबर 14 और गली नंबर 13 निवासी कश्यप (22) ने 20 अप्रैल की रात होटल में कमरा बुक कराया था। रविवार को पैसे देने के बाद कमरे में चला गया, लेकिन सोमवार सुबह कमरे से बाहर नहीं आया। कर्मियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर खिड़की से अंदर झांककर देखा तो वह पंखे से लटका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर पंखे से लटके युवक को नीचे उतारकर अस्पताल भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया, युवक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# वन विभाग ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

देहरादून। उत्तराखंड में मैदान से पहाड़ तक जंगल धधक रहे हैं। सोमवार को एक दिन में वनाग्नि की रिकॉर्ड 52 घटनाएं हुईं। अपर प्रमुख वन संरक्षक वनाग्नि निशांत वर्मा के मुताबिक जहां कहीं से भी जंगल में आग की सूचना मिल रही है, विभाग की टीम मौके पर जाकर बुझाने का प्रयास कर रही है। विभाग ने अब तक पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा किया है। वहीं, कुछ अज्ञात के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। प्रदेश में आग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। गढ़वाल में नई टिहरी वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र से लेकर केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के जंगलों में आग भड़की है। जबकि कुमाऊं में बागेश्वर वन प्रभाग, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, चंपावत वन प्रभाग के जंगल आग से धधक रहे हैं। चंपावत वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में आग की एक दिन में 11 घटनाएं दर्ज की गई हैं। पिथौरागढ़ वन प्रभाग में 5 घटनाएं हुई हैं। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग में एक, राजाजी टाइगर रिजर्व में एक, लैंसडाउन वन प्रभाग में एक, उत्तरकाशी वन प्रभाग में दो, नरेंद्रनगर वन प्रभाग में चार, तराई पूर्वी वन प्रभाग में एक वनाग्नि की घटना का मामला सामने आया है। अपर प्रमुख वन संरक्षक की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक गढ़वाल मंडल के जंगलों में आग की 14, कुमाऊं मंडल में 35 और वन्यजीव क्षेत्र में आग की तीन घटनाएं हुई हैं। इससे एक दिन में 76 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

# भाकपा माले का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाकपा(माले) की शहर इकाई ने पार्टी का 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया और पार्टी को बनाने और आगे बढ़ाने वाले दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हुई बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड निशान सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल 1969 को भाकपा (माले) की स्थापना हुई थी। 22 अप्रैल दुनिया की पहली समाजवादी क्रांति के नेता कॉमरेड लेनिन का भी जन्मदिन है। भाकपा (माले) कॉमरेड लेनिन की क्रांतिकारी स्प्रिट को बुलंद करते हुए एक शोषणमुक्त समाज और युद्धविहिन दुनिया की स्थापना करना चाहती है। इस अवसर पर जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा ष्हम अपना स्थापना दिवस बेहद महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच मना रहे हैं। हमने इंडिया गठबंधन ब्लॉक के तहत फासीवाद को हराने और संविधान व लोकतंत्र बचाने के उद्देश्य से चुनाव में कांग्रेस के समर्थन में भूमिका अदा की है। मोदी सरकार की अडानीख्रअंबानी परस्त नीतियों और फासीवादी तानाशाही के खिलाफ चुनावी जंग में जनता बदलाव के पक्ष में खड़ी है और मोदी सरकार को शिकस्त देने की उम्मीद में गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता का समर्थन मिला है। पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के संस्थापक महासचिव कामरेड चारु मजूमदार और उनके बाद के महासचिवों कामरेड जौहर और कामरेड विनोद मिश्रा को भी श्रद्धांजलि दी गई। भाकपा (माले) ने सभी राजनैतिक बन्दियों एवं विपक्षी दलों के नेताओं की बिना शर्त तत्काल रिहाई की मांग की। इस दौरान ललित मटियाली, निशान सिंह, सुरेन सिंह, अनिता, सत्येंद्र, अखिलेश सिंह, उत्तम दास, शैलेंद्र आदि शामिल रहे।

# स्कूली बच्चों ने मनाया अर्थ डे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में अर्थ डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अर्थ डे सॉन्ग से हुई जिसमें विद्यार्थियों ने अर्थ डे के महत्व के बारे में बताते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी, एल0के0जी0 व यू0के0जी0 के नन्हे-मुन्नों ने ग्रीन डे एक्टिविटी, कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने इको कैनवस (कलरिंग एक्टिविटी), कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा लीफ आर्ट एक्टिविटी, कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता एवं कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य अनुराग माथुर के अभिभाषण द्वारा हुआ जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को अर्थ डे के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 5 के विद्यार्थियों कु0 रितिशा सुयाल एवं प्रत्युष जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा..**मोदी को गाली देने में लगे हैं। पीएम मोदी बोले कि राजस्थान में कांग्रेस के जाने के बाद पहली बार रामनवमी की शोभा यात्रा शांति से निकली है। हमारे यहां तो दिन का स्वागत भी राम-राम सा से होता है। कांग्रेस ने तो राम-राम सा कहने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस ने शोभा यात्रा पर पत्थरबाजी करने वाले लोगों को सरकारी संरक्षण दिया था। इसी कांग्रेस ने मालपुरा, टोंक, करौली और छबड़ा को दंगों की आग में झोंक दिया था। क्या आप ऐसे लोगों को माफ करोगे? अब भाजपा की सरकार आने के बाद लोगों की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे। अब आप चौन से रामनवमी भी मनाएंगे और हनुमान चालीसा भी गाएंगे, यह भाजपा की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हैं मुझे कुछ दिन पहले की एक पंक्ति याद आ गई। आप में से बहुतों तक यह खबर नहीं पहुंची होगी। यह तस्वीर है कांग्रेस राज्य वाले कर्नाटक की। वहां एक छोटे दुकानदार को पीट दिया गया कि वह अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। उसे लहुलूहान कर दिया। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। राजस्थान तो इसका भुक्त-भोगी है। प्रभु राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस निमंत्रण को ठुकरा देती है तो उसके चेले-चपाटे भी हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को पीटते हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि अभी कांग्रेस के एक नेता ने पब्लिकली कहा कि एक्सरे करके लोगों की संपत्ति का पता लगाएंगे। फिर जो भी ज्यादा होगा, वह लोगों में बांट देंगे। यह आपको मंजूर है क्या? क्या मंगल सूत्र पर हाथ लगा सकते हैं? इस पंजे की यह ताकत... राजस्थान में एक भी पंजा बचना नहीं चाहिए। कांग्रेस होती तो देश में अपने लिए भ्रष्टाचार के मौके तलाशती। राजस्थान के मेरे भाई-बहनों आप तो कुछ समय पहले ही कांग्रेस के पंजे से मुक्त हुए हैं। कांग्रेस ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर एक बना दिया है। दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस के लोग विधानसभा में कहते थे कि यह तो राजस्थान की पहचान है।

**सूरत सीट पर निर्विरोध...**ने कांग्रेस उम्मीदवार को नॉमिनेट किया था। लेकिन अचानक चारों ने अपने हस्ताक्षरों को झुठला दिया। चारों ने इक्ट्ठे। ये कोई संयोग नहीं है। हमारा उम्मीदवार कई घंटों तक गुमशुदा था और जब तक वह सामने आए। हमें पता चला कि अन्य सभी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। हमारे उम्मीदवार का नामांकन खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर आप नहीं चाहते कि इस देश में चुनाव नहीं हो और आप चाहते हैं कि सूरत की सीट प्लेट में सजाकर दे दी जाए तो चुनाव कराने की जरूरत ही क्या है? बता दें सूरत लोकसभा सीट से बीजेपी के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया था। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन एक दिन पहले ही रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द कर दिया था। उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में गड़बड़ियों का हवाला देकर नामांकन रद्द किया गया था। कांग्रेस के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद बाकी बचे 8 उम्मीदवारों ने भी अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली थी। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुन लिए गए थे। चुनाव आयोग ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब लोकसभा चुनाव में बीजेपी का कोई सांसद निर्विरोध चुना गया हो। बता दें कि गुजरात के सभी 26 निर्वाचन क्षेत्रों पर सात मई को वोटिंग होनी है लेकिन सूरत सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार को निर्विरोध विजेता घोषित करने के बाद अब बाकी बची 25 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीट पर मतदान तीसरे चरण में यानी 7 मई को होना है, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल थी और नामांकन वापस लेने का तारीख 22 अप्रैल है। राज्य की सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस और बीजेपी समेत कुल 11 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भरा था। बीजेपी से मुकेश दलाल, कांग्रेस के निलेश कुम्भानी, बसपा से प्यारेलाल भारती, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्टी से अब्दुल हामिद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी से जयेश मेवाडा, लोग पार्टी से सोहेल खान ने नामांकन किया था। इनके अलावा अजीत सिंह उमट, किशोर डायानी, बारैया रमेशभाई और भरत प्रजापति निर्दलीय चुनावी मैदान में थे। इनके अलावा कांग्रेस ने अपने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी नामांकन कराया था, लेकिन उसे भी प्रस्तावकों के कारण खारिज कर दिया गया। सूरत लोकसभा सीट पर 1989 से ही बीजेपी का कब्जा रहा है। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई यहां से 5 बार सांसद रहे थे।

**पालिकाध्यक्ष की सीट को लेकर...**बता दें नगर पालिका क्षेत्र में इस बार 29511 महिला, पुरुष, किन्नर मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिनमें 1424 महिला, 15270 पुरुष और एक किन्नर मतदाता है। पिछले पालिका चुनाव में 24255 मतदाता थे। जो इस बार बढ़कर 29511 हो गए है।

**दुकान से हजारों** .मिलने के बाद दुकान स्वामी ने चौकी प्रभारी को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौका सीसीटीवी फुटेज खंगाली। चौकी इंचार्ज ने जल्द ही चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने शहर के व्यस्ततम बाजार में चोरी की घटना घटना दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए चोरी का जल्द खुलासा होने की उम्मीद जताते जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाये एवं रात को पुलिस पिकेट बढ़ाएं।

**बुजुर्ग महिला..**जगह पर ले जाकर उन्हें डरा धमका कर उनके कान के झूमके और मंगलसूत्र लूट लिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


श्री बाबा भक्त मण्डल, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
अशोक सिंह बाबा भक्त
अशीष मुंजाल बाबा भक्त
विक्की मुंजाल बाबा भक्त
सिमरनजीत सिंह बाबा भक्त
सुमित सहगल बाबा भक्त
साहिल आहुजा बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
मोहित गौड़ बाबा भक्त
विवेक कुमार गौड़ बाबा भक्त
मो० पक्काकोट, काली मन्दिर रोड निकट भारत पब्लिक स्कूल, काशीपुर


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
अंटू रस्तोगी
श्री बालाजी मण्डल, शीशगढ़
मो० 8532915333


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
मदन लाल खन्ना बाबा भक्त
गर्व खन्ना बाबा भक्त
अक्षत खन्ना बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
SHRI BAJRANG ELECTRICALS
H.T. & L.T. Installation & Control Panels
Rudrapur, Mob.: 9997983433
डी.के. करगेती


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
मुकेश गोयल बाबा भक्त
मोहित गोयल बाबा भक्त
संजय गोयल बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
दीपक चन्दोला बाबा भक्त
ईश्वर सिंह नेगी बाबा भक्त
चन्दन कोरंगा बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
देवल जनरल स्टोर
मो० 9837303380
राकेश कुमार देवल


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिकशुभकामनायें
चैन सुख म्युजिकल्स
High Quality Indian Classical Harmonium
Dholak, Gitar, Violem, Drums, Amplifier,
Mic & All Electronic/non Electronic Musical
Instruments & Accessories Supplier
Near Tarai Pathology, Amrit Hospital Wali Gali, Gandhi Colony
Rudrapur (U.S. Nagar) Uk, Mob.: 9917176043


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
जतिन पाण्डेय बाबा भक्त
सौरभ विश्वास बाबा भक्त
अमन श्रीवास्तव बाबा भक्त


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
लक्ष्मण
साउण्ड सर्विस
समस्त कार्यक्रमों के लिये सम्पूर्ण साउण्ड व्यवस्था
पाँच मन्दिर मार्केट, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) मो. 9837037603


संकट कटे मिटे सब पीरा
जो सुमिरे हनुमत बलबीरा
श्री हनुमान जन्मोत्सव
के पावन पर्व पर
समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक, रुद्रपुर


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर कीओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें
भुवन शर्मा बाबा भक्त
नीलम शर्मा बाबा भक्त
सौरभ शर्मा बाबा भक्त
कौशल शर्मा बाबा भक्त


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
संजय ठुकराल
सामाजिक कार्यकर्ता, रुद्रपुर


समस्त
क्षेत्रवासियों को
हनुमान जन्मोत्सव
कि हार्दिक
शुभकामनायें
सांवरिया
प्रोपर्टीज
गंगापुर रोड, रुद्रपुर
अमित अवस्थी


संकट मोचन
श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की
सभी भक्तों को
हार्दिक शुभकामनायें
रितेश मनोचा
कलाकार, टी-सीरिज एवं टिप्स मो. 9837309587
श्री बालाजी दरबार, श्री श्याम दरबार, माँ भागवती जागरण,
माता की चौकी, सांई संध्या, भजन संध्या आदि के लिए सम्पर्क करें।



पवन तनय संकट हरन
मंगल मूरति रूप।
राम लखन सीता सहित
हृदय बसहु सुर भूप।।
जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी के
जन्मोत्सव की सभी भक्तों को
हार्दिक शुभकामनायें
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक
भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ
रूद्रपुर, उत्तराखण्ड




!! ॐ नमः शिवाय !!
!! जय श्री राम !!
!! जय बाबा की !!
!! जय माँ काली !!
श्री हनुमान जन्मोत्सव
मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
स्थान - श्री नीलकंठ धाम, शैलजा कॉलोनी, गंगापुर रोड, रूद्रपुर
इस शुभअवसर पर आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित है।
विशेष आकर्षण
फूलो की होली
छपपन भोग
रितेश मनोचा
प्रसिद्ध भजन गायक
सचिन खुराना
अध्यक्ष
विकास शर्मा
अध्यक्ष
निवेदकः श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट शैलजा कालोनी, गंगापुर रोड, रूद्रपुर
संपर्क सूत्रः- 9897545454, 8272020006, 9719074000, 9837581000




गुरू माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK UPTO 7500
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रूद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338